संपादकीय

सार्वजनिक या निजी हित?

सकेत यह है कि ये उन कंपनियों को सब्सिडी देने के लिए होगी, जो ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश करेंगी। इस तरह सेमीकंडक्टर और अन्य क्षेत्रों में निजी क्षेत्र को सार्वजनिक धन देने का ट्रेंड और आगे बढ़ेगा।

बीते हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी। ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 19,744 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। सरकारी तौर पर बताया गया कि इस मिशन के 19,744 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। इस भाषा का सकेत यह है कि ये उन कंपनियों को सब्सिडी देने के लिए होगी, जो इस क्षेत्र में निवेश करेंगी। इस तरह सेमीकंडक्टर और अन्य क्षेत्रों में निजी क्षेत्र को सार्वजनिक धन देने का जो ट्रेंड हाल में व्यवहार में आया है, वह और आगे बढ़ेगा। अभी तक इस बात के कोई सकेत नहीं हैं कि इस तरह के प्रोत्साहन से लगने वाले उद्यमों पर क्या किसी प्रकार का सार्वजनिक नियंत्रण होता है? यह सीधे तौर पर करदाताओं का धन निजी कंपनियों को देने और उनकी समृद्धि को ही देश का विकास मानने की सोच का हिस्सा है? दुनिया के कई देशों में ऐसी योजनाएं पहले अमल में लाई गई हैं। लेकिन उनसे वहां के आम जन का कोई हित सधा है, इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं।

बहरहाल, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत यह उम्मीद जोड़ी गई है कि भारत 2030 तक 50 लाख टन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लेगा। सरकार का कहना है कि इस फैसले से जीवाश्म ईंधन जैसे कच्चा तेल, कोयला आदि के आयात में एक लाख करोड़ रुपये तक की कमी का अनुमान है। इसके अलावा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आएगी। इस मिशन का मकसद पेट्रोल-डीजल जैसे जीवश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करते हुए देश को स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन का केंद्र बनाना है। योजना सफल होने पर लोगों को महंगे पेट्रोल और डीजल का विकल्प मिल जाएगा। यह बात ठीक है कि ग्रीन हाइड्रोजन एक तरह की स्वच्छ ऊर्जा है। इसे नवीकरणीय ऊर्जा की मदद से इलेक्ट्रोलिसिस के जरिए बनाया जाता है और इसे बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह से कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन से मुक्त होती है। मगर प्रश्न यही है कि निजी क्षेत्र की कंपनियों को ऐसे प्रयास में जोड़ने के लिए क्या सब्सिडी देना ही एकमात्र उपाय है?

कोहली का शतक, भारत ने पहले वनडे में श्रीलंका को 67 रन से हराया

गुवाहाटी । विराट कोहली के करियर के 45वें एकदिवसीय शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 67 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। कोहली ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 113 रन की पारी खेली जिससे भारत ने छह विकेट पर 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोहली ने 87 गेंद में 12 चौके और एक छक्का जड़ा। सलामी बल्लेबाजों कप्तान रोहित शर्मा (83) और शुभमन गिल (70) ने भी अर्धशतक जडऩे के अलावा पहले विकेट के लिए 143 रन जोडक़र भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी।

श्रीलंका की टीम इसके जवाब में कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 108, 88 गेंद, 12 चौके और तीन छक्के) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

और सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (72) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 306 रन ही बना सकी। शनाका ने कासुन रजिता (नाबाद 09) के साथ नौवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी की। भारत की ओर से उमरान मलिक ने 57 रन देकर तीन जबकि मोहम्मद सिराज ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका की शुरुआत खराब रही और उसने छठे ओवर में 23 रन तक दो विकेट गंवा दिए।

पारी के चौथे ओवर में सिराज के खिलाफ अविष्का फर्नांडो (05) ने गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर हार्दिक पंड्या को कैच थमाया जबकि इस तेज गेंदबाज ने अगले ओवर में कुसाल मेंडिस (00) को भी बोल्ड किया। चरित असलंका भी 23 रन बनाने के बाद उमरान का शिकार बने। उन्होंने विकेटकीपर लोकेश राहुल को कैच थमाया। असलंका ने डीआरएस नहीं लिया लेकिन रीप्ले में दिखा कि गेंद उनके थाई पैड से टकराकर राहुल के हाथों में गई थी। निसंका और धनंजय डिसिल्वा (47) ने चौथे विकेट के लिए 72 रन जोडक़र पारी को संवारने की कोशिश की।

निसंका ने 21वें ओवर में युजवेंद्र चहल पर लगातार दो चौकों और एक रन के साथ 57 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में टीम का रनों का शतक भी पूरा हुआ। रोहित ने इसके बाद मोहम्मद शमी को गेंदबाजी में वापसी कराई और उन्होंने कप्तान को निराश नहीं करते हुए धनंजय को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच करा दिया। धनंजय ने 40 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके मारे। निसंका भी इसके बाद उमरान की उछाल लेती गेंद को पुल करने की कोशिश में अक्षर को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 80 गेंद की पारी में 11 चौके मारे।

वानिदु हसरंगा (16) ने आते ही चहल की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन अगली गेंद को सीधे श्रेयस अय्यर के हाथों में खेल गए। उमरान ने अगले ओवर में दिमुथ वेलालागे (00) को स्लिप में गिल के हाथों कैच कराके श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 179 रन किया। शनाका और चमिका करूणात्ने (14) ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। पंड्या ने करूणात्ने को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा।

उमरान मलिक ने तोड़ा 24 साल पुराना रिकॉर्ड

❒ सबसे तेज गेंद करने वाले भारतीय खिलाड़ी बने

गुवाहाटी। भारत और श्रीलंका के बीच इस समय तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज में भारत ने श्रीलंका को पहले वनडे में हराकर पहला मैच जीत लिया है। इस मैच में जीत के साथ ही भारत ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 373 रन का विशाल स्कोर बनाया था।

वहीं इस मैच में एक रिकॉर्ड भी बना और वो रिकॉर्ड रहा उमरान मलिक के नाम। उमरान ने अपनी रफ्तार का जलवा दिखाया और इस मैच में 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उमरान मलिक अब वनडे में भी भारत के लिए सबसे तेज गेंद फेंकने वाले भारतीय बन गए हैं।

इसके पहले ये रिकॉर्ड पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ के नाम था। 1999 विश्व कप में जवागल श्रीनाथ ने 154.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी। इसके 24 साल बाद उमरान मलिक ने ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कुछ दिन पहले ही उमरान टी20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे तेज गेंद करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 156 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की थी।

रणजी ट्रॉफी में पृथ्वी शॉ ने असम के खिलाफ लगाया तिहरा शतक

नईदिल्ली। भारतीय टीम के खिलाड़ी और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में तीहरा शतक लगा दिया। इस शतक के साथ ही उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की सबसे बड़ी पारी खेली। इस पारी के साथ ही वो अभी क्रिज पर है और आगे खेल रहे है। इस मैच में उन्होंने इस तीहरे शतक के लिए 326 गेंदों का सामना किया। जानकारी के अनुसार पृथ्वी शॉ ने असम के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई की ओर से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की पारी में खेली। पृथ्वी शॉ को तिहरे शतक तक पहुंचने में 326 गेंदों का सामना किया। हालांकि पृथ्वी शाह खबर लिखे जाने तक 333 गेंदों पर 312 रन बना कर क्रीज पर मौजूद है। वहीं इस मैच में कप्तान अजिंक्या रहाणे ने भी शतक लगा दिया है। रहाणे भी 105 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। मुंबई टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 504 रन बना लिए हैं। पृथ्वी शॉ ने 107 गेंदों में शतक, 235 गेंदों पर दोहरा शतक और केवल 326 गेंदों में तीसरा शतक पूरा किया।

गूगल को 936 करोड़ के जुर्माने के मामले में एनसीएलएटी का अंतरिम राहत देने से इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल को उसपर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुर्माने के मामले में अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। सीसीआई ने गूगल पर यह जुर्माना प्ले स्टोर नीतियों के संबंध में अपनी दबदबे वाली स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए लगाया था। एनसीएलएटी ने गूगल को अगले चार हफ्ते के भीतर उसकी रजिस्ट्री में इस जुर्माने की दस फीसदी राशि जमा करवाने का निर्देश दिया।अपीलीय न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने बुधवार को

सीसीआई और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। अब मामले पर आगे की सुनवाई 17 अप्रैल 2023 को होगी।

पिछले हफ्ते भी अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल को उसपर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुर्माने का 10 प्रतिशत अदा करने का निर्देश दिया था। एनसीएलएटी की पीठ ने सीसीआई के जुर्माने के आदेश के खिलाफ गूगल की याचिका को स्वीकार तो कर लिया था लेकिन जुर्माने के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि वह अन्य पक्षों को सुनने के बाद ही कोई आदेश देगी।

सीसीआई ने अक्टूबर में एक सप्ताह से भी कम समय में पारित दो आदेशों के माध्यम से ने गूगल पर 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया था। 25 अक्टूबर को सीसीआई ने प्ले स्टोर नीतियों में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 936.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने के अलावा सीसीआई ने कहा था कि गूगल को ऐप डेवलपर्स को ऐप खरीदने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष के बिलिंग/भुगतान प्रसंस्करण सेवाओं का उपयोग करने से प्रतिबंधित नहीं करना चाहिए। इससे पहले नियामक ने 20 अक्टूबर को एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

ऑटो एक्सपो 2023 शुरू हुआ, सुजुकी मोटर ने कनसेप्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी से पर्दा हटाया

ग्रेटर नोएडा। भारत के लोकप्रिय मोटर शो 'ऑटो एक्सपो' 2023 की बुधवार से यहां पर शुरुआत हुई है। इस अवसर पर सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने इलेक्ट्रिक कनसेप्ट एसयूवी 'ईवीएक्स' को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया। यह गाड़ी 2025 तक बाजार में आएगी।

कंपनी की भारतीय इकाई मारुति सुजुकी इंडिया भी इस शो में हिस्सा ले रही है। इस शो का आयोजन तीन साल के बाद हो रहा है।

दो साल में एक बार होने वाला यह शो वैसे तो 2022 में होने वाला था लेकिन कोविड-19 के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस बार के शो में महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्कोडा, फॉक्सवैगन और निसान जैसे प्रमुख वाहन विनिर्माता तथा मर्सिडीज बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी महंगी गाडिय़ों की कंपनियां हिस्सा नहीं ले रही हैं।

इस शो में पांच वैश्विक पेशकश होंगी और 75 उत्पादों से पर्दा हटेगा। आम जनता 13 से 18 जनवरी के बीच इस शो को देखने जा सकती है।

सुजुकी की कनसेप्ट ईवीएक्स मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी है जिसकी डिजाइन और विकास सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, जापान ने किया है। इसमें 60 किलोवॉट की बैटरी है और यह एक बार चार्ज करने पर 550 किलोमीटर तक चल सकती है।

यहां एक्सपो में वाहन का अनावरण करते हुए सुजुकी मोटर के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने कहा, ''हमारी योजना इसे 2025 तक बाजार में लाने की है। सुजुकी समूह में हमारे लिए ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए समाधान ढूंढना प्राथमिकता है।''

उन्होंने आगे कहा, ''हमारे व्यवसाय से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए हम वैश्विक स्तर पर कई कदम उठा रहे हैं। इसमें से एक अहम कदम है हमारे उत्पादों के जरिए उत्सर्जन को कम करना। हमने पिछले वर्ष मार्च में एक घोषणा की थी जिसके मुताबिक यहां भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) और उनकी बैटरियों के उत्पादन में हम 100 अरब रुपये का निवेश करेंगे।

हर मैच को अपने आखिरी मैच की तरह खेलना चाहिये : कोहली

गुवाहाटी। श्रीलंका के खिलाफ 113 रन की आक्रामक पारी खेलकर जीत की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले दिग्गज विराट कोहली ने कहा कि वह हर मैच को उस रवैये के साथ खेलते है जैसे कि यह उनका आखिरी मैच हो। कोहली की 88 गेंद में 113 रन की पारी के दम पर भारत ने पहले एकदिवसीय में छह विकेट पर 373 रन बनाने के बाद श्रीलंका की पारी को आठ विकेट पर 306 रन पर रोक दिया।

एकदिवसीय में 45वां शतक पूरा करने वाले कोहली मैन ऑफ द मैच बने। उन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, एक चीज जो मैंने सीखी वह यह कि हताशा आपको कहीं नहीं ले जाती। आपको चीजों को जटिल बनाने की जरूरत नहीं है। मैदान में बिना किसी डर के खेलो। मैं चीजों को पकड़ कर नहीं रख सकता। आपको सही कारणों से खेलना होता है और हर मैच को ऐसे खेलना होता है जैसे कि यह आपका आखिरी हो और बस इसके बारे में खुश रहें। खेल आगे बढ़ता रहेगा। मैं हमेशा के लिए खेलने नहीं जा रहा हूं, मैं एक खुशहाल जगह पर हूं और अपने समय का आनंद ले रहा हूं।

भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने अपनी पारी में कुछ अलग किया। मेरी तैयारी और इरादा हमेशा एक जैसा रहता है। मुझे लगा कि मैं गेंद को अच्छे से हिट कर रहा हूं। यह उस लय के करीब था जिसके साथ मैं खेलता हूं, मुझे समझ में आया कि हमें अतिरिक्त 25-30 रनों की जरूरत है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (83) और शुभमन गिल (70) ने भी अर्धशतक जडऩे के अलावा पहले विकेट के लिए 143 रन जोडक़र भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। रोहित ने कहा कि वह टीम की बल्लेबाजी से संतुष्ट हैं लेकिन गेंदबाजी में सुधार करना होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, हमने बल्ले से अच्छी शुरुआत की। बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगा कि हम बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। मैं ज्यादा आलोचना नहीं करना चाहता क्योंकि परिस्थितियां आसान नहीं थीं। खासकर ओस गिरने के बाद। उन्होंने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका के खिलाफ रन आउट की अपील वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे नहीं पता था कि (मोहम्मद) शमी ने ऐसा किया, वह 98 रन पर बल्लेबाजी कर रहा था।

आज का राशिफल

मेष : आज आप अपने अंदर भरपूर विश्वास व ऊर्जा महसूस करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा तथा अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। सामाजिक दायरा बढेगा। मान-सम्मान मे वृद्धि होगी।

वृष : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए कुछ नई योजनाएं बनेंगी। इस समय बहुत ही उचित ग्रह स्थिति बनी हुई है, इसलिए इन योजनाओं को तुरंत ही क्रियान्वित करें।

मिथुन : आज भाग्य आपके साथ है। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो सकते हैं इसलिए प्रयासरत रहें। साथ ही बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा व सफलता मिलेगी।

कर्क : आज आपका दिन सामान्य रहेगा ।व्यवसाय में गति लाने के लिए कुछ नई नीतियां बनाना जरूरी है। हालांकि वर्तमान नकारात्मक वातावरण की वजह से व्यापार मंद ही हैं।

सिंह : आज आप दिन में बीजी रह सकते हैं। घर में कोई विवाह या सगाई संबंधी मांगलिक कार्य संपन्न होने जैसी योजनाएं बनेंगी तथा खुशी भरा वातावरण व्याप्त रहेगा। बड़े बुजुर्गों का भी स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा।

कन्या : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा।व्यवसायिक गतिविधियां पूर्ववत ही रहेंगी। अपने स्वभाव को नियंत्रित रखना आवश्यक है। जल्दबाजी न करें बनते काम बिगड़ भी सकते हैं।

तुला : आज आपका दिन मन खुश करने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही किसी विशेष कार्य के प्रति आपकी लगन व मेहनत के अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने वाले हैं। अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें।

वृश्चिक : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पब्लिक डीलिंग तथा मीडिया से संबंधित कार्यों में आज विशेष ध्यान दें। क्योंकि इनसे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी ऑफिस का माहौल पॉजिटिव रहेगा।

धनु : आज आपकी सकारात्मक विचारधारा दिन को बेहतर बनाएगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था व रुझान बढ़ेगा। जिससे आपके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा।

मकर : आप भाग्य आपके साथ है। कार्यक्षेत्र में आंतरिक रखरखाव तथा नवीनीकरण जैसी योजना बनेगी। इस परिवर्तन में वास्तु सम्मत नियमों का अवश्य उपयोग करें, इससे सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

कुंभ : आज आपका दिन बढिया रहेगा। कार्यक्षेत्र में भावुकता की बजाय प्रैक्टिकल तरीके से सबके साथ व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सहयोगियों तथा कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें।

मीन : आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी परिस्थिति में ऊर्जावान व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर रखेगा। अगर पुश्तैनी प्रॉपर्टी संबंधी कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसे हल करने के लिए आज का दिन बहुत ही उचित है। धार्मिक विचार उतपन्न होंगे। बच्चों का साथ माहौल खुश बनाएगा।

ऑस्कर्स 2023 में हुई द कश्मीर फाइल्स की एंट्री

द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने ऑस्कर 2023 के कई कैटेगरी में नामांकन हासिल करने वाली फिल्मों के नाम घोषित कर दिए हैं। खास बात यह है कि इन कैटेगरीज में भारत की भी पांच फिल्में नामांकित हुई हैं। भारत की ऑफिशियल एंट्री द लास्ट शो (छेल्लो शो) के अलावा इस लिस्ट में गंगूबाई काठियावाड़ी, द कश्मीर फाइल्स, इराविन निझाल, कंतारा और आरआरआर का नाम भी शामिल कर लिया गया है। यूं तो ऑस्कर 2023 के लिए भारत की तरफ से फिल्म

फेडरेशन ऑफ इंडिया (स्नस्नढ्ढ) ने गुजराती फिल्म छेल्लो शो को ही चुना था, लेकिन कई फिल्मों के प्रोडक्शन हाउस ने स्वतंत्र रूप से फॉर योर कंसिडरेशन (स्नड्घष्ट) श्रेणी में ऑस्कर 2023 के लिए अपनी दावेदारी भेजी थी। जिसके बाद ऋषभ शेट्टी की कांतारा, संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी, विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स और एसएस राजामौली की आरआरआर नामांकित हुई। इनके अलावा ऑस्कर 2023 के लिए कई अन्य फिल्मों ने भी नामांकन हासिल किया है, इसमें मराठी फिल्म मैं वसंतराव और तुझसा साथी खाई ही, कन्नड़ फिल्म विक्रांत रोणा, तमिल फिल्म इराविन निझाल और आर माधवन की फिल्म रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट का नाम शामिल है। वहीं शौनक सेन की डॉक्यूमेंट्री ऑल दैट ब्रीथ्स और कार्तिकी गोंसल्वेस की डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स को भी ऑस्कर 2023 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

अभिषेक बच्चन की फिल्म द बिग बुल का बनेगा सीक्वल, प्रोड्यूसर ने किया खुलासा

साल 2021 में ओटीटी पर रिलीज हुई अभिनेता अभिषेक बच्चन की द बिग बुल को दर्शकों द्वारा काफी प्यार मिला था। अब फिल्म के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने खुलासा किया है कि फिल्म के दूसरे पार्ट की तैयारी चल रही है।

आनंद ने बताया कि वह द बिग बुल के सीच्ल पर काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि मेकर्स एक किताब के राइट्स खरीदने पर भी काम कर रहे हैं।

आनंद ने कहा, अभिषेक कमाल

के अभिनेता हैं। मुझे उनके साथ काम करना बेहद पसंद है, लेकिन फिल्म में अभिषेक का चयन स्क्रिप्ट के हिसाब से किया जाएगा। द बिग बुल को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज किया गया था।

तरह-तरह की सब्जियों से बेहद जायकेदार डिश 'वेज चिली-मिली'

कई सारी सब्जियों से बनने वाली डिश चिली-मिली सिर्फ स्वाद में ही लाजवाब नहीं बल्कि सेहत से भी भरपूर होती है। तो आइए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

सामग्री :

15 काजू (गर्म पानी में भिगोए हुए), 3 बड़े टमाटर की प्यूरी, 1/2 कप पत्तागोभी कद्दूकस की हुई, 1/2 कप गाजर लंबे कटे हुए, 3/4 कप शिमला मिर्च लंबी कटी हुई, 1/2 कप हरी मटर, 1/2 कप मेथी पत्तियां, 2 टेबलस्पून तेल, 1 तेजपत्ता, 1 टीस्पून जीरा, 2 हरी मिर्चे बीच से कटी हुई, 1 प्याज बारीक कटे, 1 टेबलस्पून अदरक-लहुसन पेस्ट, 1/2 टीस्पून हल्दी, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2 टीस्पून कसूरी मेथी

विधि :

- सबसे पहले काजू को 20 मिनट के लिए गरम पानी में भिगोकर रख दें और इसके बाद उसका पेस्ट बना लें। साथ ही 3 टमाटर की प्यूरी बनाकर भी रेडी कर लें। करी बनाने के लिए पैन में 2 चम्मच तेल गरम करें। इसमें तेजपत्ते, जीरे, कटी हरी मिर्च से तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। प्याज का रंग बदलते ही इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। पेस्ट न हो तो दोनों को बारीक काटकर भी डाल सकते हैं। थोड़ी देर भूनने के बाद इसमें मेथी के पत्ते और हरी मटर डालेंगे। लगभग 1-2 मिनट तक और पकाएं। इसके बाद इसमें टमाटर की प्यूरी डाल दें। अब बारी है इसमें मसाले मिक्स करने की। हल्दी, कश्मीरी लाल मिर्च, धनिया और गरम मसाला मिक्स करें। 6-7 मिनट तक सारी चीज़ों को पकाएं। अब इसमें कटी हुई सब्जियां और नमक डालें। ग्रेवी जितनी चाहिए उस हिसाब से पानी मिलाएं। इसके बाद काजू का पेस्ट डालें और धीमी आंच पर 3-4 मिनट तक पकाएं। सबसे बाद में कसूरी मेथी हाथों पर मसलकर डाल दें। गैस बंद करें। चिली-मिली तैयार है सर्व करने के लिए।

शब्द सामर्थ्य- 309

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 309

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.308 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6